दस टीबी रोगियों को लिया गया गोद

अमृत विचार, बीकेटी : भारत को टीबी मुक्त करने के लिए पूरे देश में विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। उसी के परिपेक्ष्य में चंद्रभान गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने इस अभियान में हिस्सा लिया है और क्षेत्र के 10 तपेदिक रोगियों को गोद लिया है। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ .तेज प्रकाश सिंह ने बताया कि भारत सरकार के टीबी मुक्त अभियान के तहत 10 रोगियों को महाविद्यालय ने गोद लिया तथा इन्हें मुफ्त दवाइयां एवं पौष्टिक भोजन महाविद्यालय द्वारा वितरित किया गया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत ज्योति रावत, चमेली दीक्षित, विक्रम गौतम, भूमि सिंह, राजेश कटियार, रीना रावत, ज्ञानवती,सब्या वर्मा, रिंकू मिश्रा तथा नवमी लाल को पौष्टिक भोजन एवं दवाइयां वितरित की गयी।

चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय ने लिया 10 टी बी रोगियों को गोद।

बख्शी का तालाब। भारत को टीबी मुक्त करने के लिए पूरे देश में विशेष अभियान की शुरुआत की गई है उसी के परिपेक्ष्य में बख्शी का तालाब स्थित चंद्रभान गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने इस अभियान में हिस्सा

लिया है और बख्शी का तालाब के 10 तपेदिक रोगियों को गोद लिया है। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ तेज प्रकाश सिंह ने बताया कि भारत सरकार के टीवी मुक्त अभियान के तहत 10 रोगियों को महाविद्यालय ने गोद लिया है इन्हें मुफ्त दवाइयां एवं पौष्टिक भोजन महाविद्यालय द्वारा वितरित किया गया। इस अवसर पर बख्शी का तालाब स्थित रामसागर मिश्र चिकित्सालय के टीबीएचबी विवेक कुमार बाजपेई, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह, निदेशक प्रो योगेश कुमार शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया एवं समन्वयक अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत ज्योति रावत, चमेली दीक्षित, विक्रम गौतम, भूमि सिंह, राजेश कटियार, रीना रावत, ज्ञानवती, सब्या वर्मा , रिंकू मिश्रा तथा नवमी लाल को पौष्टिक भोजन एवं दवाइयां वितरित की गयी।